an>

Title: Regarding creation of new employment opportunities in the country.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान नए रोजगार के सृजन की ओर दिलाना चाहता हूँ। हालांकि यह बात बिल्कुल सही है कि हमारी नई सरकार ने नए रोजगार के सृजन के लिए मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया तथा मुद्रा बैंक जैसे कई कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है। दुनिया में सबसे ज्यादा मैन पावर हमारे देश में है। इन हाथों में ऐसी कारीगरी है जो सुई से लेकर जहाज तक बनाते रहे हैं, लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने इस शक्ति का सही उपयोग नहीं किया। लिहाजा युवाओं में एक तरफ निराशा बढ़ी है, दूसरी तरफ हर जरूरत का सामान हमारे पड़ोसी देश चीन से आने लगा और जो हमारे देशी पूंजी निवेशक थे, उनमें भी निराशा आ गई।

इन्हीं कारणों से आज देश में भयंकर बेरोजगारी पैदा हो गई है। हालांकि यह बात सही है कि हमारी नई सरकार ने इस दिशा में बहुत कारगर नए उपाय शुरू किए हैं और उसका परिणाम भी अब देखने को मिलने लगा है। मैं सरकार को एक सुझाव देना चाहता हूँ कि चीन तथा अन्य पड़ोसी देशों की हमारे यहाँ आम जरूरत की जो वस्तुएं बाजार में बिक रही हैं, उन पर रोक लगाकर उन सारी वस्तुओं का देश में निर्माण कराया जाए। इससे जहाँ एक ओर नए रोजगार पैदा होंगे, वहीं दूसरी तरफ देशी पूंजी निवेशकों को भी अवसर मिलेगा और मेड इन इंडिया बनाने में बल मिलेगा। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.पी.चौधरी, श्री निशिकान्त दुबे, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

HON. SPEAKER: Shri Janardan Mishra – He is not present here.

Shri S.R. Vijaya Kumar – He is not present.